पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने जनपद कौशाम्बी में आंगनवाड़ी केन्द्र, जिला कारागार व जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

आंगनवाड़ी किट एवं बच्चों को पोषण पोटली, खिलौना, चॉकलेट, पेंसिल बॉक्स व अन्य उपहार किए वितरित

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा पर विशेष ध्यान दें

जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी व अन्य छोटी–छोटी खुशियां आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच आकर मनायें

महिला बंदी कारागार में विविध विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनें

महिला बन्दियों को शॉल तथा उनके बच्चों को किताबें एवं फल का वितरण

कैदियों के उपयोग हेतु राजभवन की ओर से आर0ओ0 प्लॉन्ट प्रदान किया गया

राज्यपाल ने जिला अस्पताल में टी0बी0 मरीज व भर्ती महिला मरीजों को पोषण पोटली व फल वितरित किया

लखनऊः 22 दिसंबर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद कौशाम्बी के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, जिला कारागार व जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

राज्यपाल जी ने थुलगुला गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा सम्पन्न करने हेतु राजभवन, जिला प्रशासन तथा रज्जू भय्या विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सौजन्य से 135 आंगनबाड़ी किट का वितरण किया। ज्ञातव्य है कि प्रदेश स्तर पर राज्यपाल जी द्वारा अब तक आंगनवाड़ी केन्द्रों हेतु 7855 किट प्रदान की जा चुकी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने बच्चों को पोषण पोटली, खिलौना, चॉकलेट, पेंसिल बॉक्स व अन्य उपहार दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी के किचन शेड का भी निरीक्षण किया तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा पर ध्यान देने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लोगों को जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी व अन्य छोटी–छोटी खुशियां आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच आकर मनानी चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा व अन्य विविध स्टालों का भी अवलोकन किया।

––––––

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने जनपद कौशाम्बी में जिला कारागार का निरीक्षण किया तथा महिला बन्दियों से संवाद करते हुए कहा कि अपनी सजा पूर्ण कर जब जेल से बाहर जाये ंतो घर में सुख–शान्ति के साथ रहें। उन्होंने कहा कि अपनी गलतियों की पुनरावृत्ति न करें, जिसके कारण फिर से जेल आना पड़े, बदले की भावना मन में न रखें, बदले की भावना अपराध का कारण बनती है तथा अपराध होने पर फिर से जेल आना पड़ेगा, घर बर्बाद हो जातें है, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाता है, आपके अपराध की सजा बच्चों को भी भुगतनी पड़ती है।

राज्यपाल जी ने महिला बन्दियों से कहा कि जेल में विविध प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर हुनरमंद बने, संबंधित विधा में विशेषज्ञता हासिल

करें और सजा पूरी करने के बाद स्वरोजगार के माध्यम से अपने जीवन को खुशहाल बनाये।

राज्यपाल जी ने महामाया डिग्री कॉलेज, कौशाम्बी से जेल भ्रमण पर आये छात्र–छात्राओं से संवाद कर विद्यार्थियों से उनके जेल भ्रमण के अनुभवों को जाना। छात्र–छात्राओं ने राज्यपाल जी को बताया कि हम लोग महिला बन्दियों से मिलें, वे किसलिए जेल में बन्द है, जानकारी भी प्राप्त किया तथा यह भी पूछा कि आपको अपने अपराध का पश्चाताप हो रहा है या नहीं। अध्यापकों ने जेल भ्रमण के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किसी भी स्थिति में अपने स्वभाव को अच्छा रखें तथा गलत कार्य करने से बचें। उन्होंने छात्रों से कहा कि अधिकतर महिलायें दहेज के अपराध में जेलों में बन्द रहती हैं, आप लोग आगे चलकर अपने विवाह के समय दहेज की मांग न करें और छात्राओं को चाहिए कि वे दहेज मांगने वालों से शादी करने से मना कर दें।

राज्यपाल जी ने छात्र–छात्राओं से कहा कि उन्होंने जेल में जो कुछ देखा, सुना, परखा एवं सीखा उसे निबंध के रूप में लिखें और लोगों को भी बतायें। राज्यपाल ने अध्यापकों से कहा कि वे छात्र–छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें तथा उन्हें संस्कारवान बनायें।

इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा 41 महिला बन्दियों को शॉल तथा उनके बच्चों को किताबें एवं फल तथा कैदियों के उपयोग हेतु 02 आर0ओ0 प्लॉन्ट भी राजभवन की ओर से प्रदान किया गया।

राज्यपाल जी ने जेल में सिलाई, कढ़ाई एवं कम्प्यूटर के दिये जा रहे प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने योगाभ्यास भी कराये जाने के निर्देश दिये। राज्यपाल जी को जिला कारागार में बन रहे काऊकोट की जानकारी भी जेल अधीक्षक ने दी।

––––––

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने कौशाम्बी स्थित जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों एवं एम0सी0एच0 विंग के सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिला मरीजों के स्वास्थ्य एवं उन्हें मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनके परिजनों को फल एवं बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। इसके साथ ही उन्होंने टी0बी0 वार्ड में जाकर टी0बी0 मरीजों को पोषण किट तथा फल वितरित किया एवं अन्य मरीजों को को भी फल वितरित किया।

इस अवसर पर मा0 सांसद श्री विनोद सोनकर, जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक एवं जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता– सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250

22 12 2023

22 12 2023

22 12 2023

22 12 2023

22 12 2023

22 12 2023

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उ. प्र.
की प्रेरणा से
जनपद कौशाम्बी के 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उ. प्र.
की प्रेरणा से
जनपद कौशाम्बी के 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को